कार्यालय थानाधिकारी पुलिस थाना मथानिया जोधपुर पूर्व

psmathaniya.jodr@gmail.com_ 02926–222124 दिनांक 19.09.2022

|| प्रेस नोट ||

- **मथानिया पुलिस द्वारा ज्वैलर्स की दुकान पर नकबजनी करने वाले 3 मुलजिम गिरफतार**

घटना का विवरण –श्रीमान रवि दत्त गौड पुलिस आयुक्त, आयुक्तालय जोधपुर द्वारा आयुक्तालय जोधपुर में चोरी एवं नकबजनी की रोकथाम हेतु चलाये गये विशेष अभियान मे कार्यवाही के निर्देश प्रदान किये। जिस पर श्रीमान डॉ अमृता दुहन पुलिस उपायुक्त जोधपुर पूर्व, श्रीमान नाजीम अली अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पूर्व जोधपुर, श्रीमान राजेन्द्र प्रसाद दिवाकर सहायक पुलिस आयुक्त वृत मण्डोर के निर्देशन में दिनांक 18.09.2022 को बालरवा गांव स्थित श्री न्यु बालाजी ज्वैलर्स मे हुई नकबजनी का परिवादी नारायण देवडा की रिपोर्ट पर प्रकरण सख्या 244 / 18.09.2022 धारा 457,380 भादस पुलिस थाना मथानिया मे प्रकरण दर्ज कर मदनसिह हैडकानि 1051 अनुसंधान किया जा रहा है । प्रकरण हाजा मे माल मुलजिमानो की तलाश हेतु मन थानाधिकारी राजीव भादू निपु द्वारा श्री राजुराम उपनिरीक्षक , श्री मदनसिह हैडकानि 1051, श्री मोमराज हैडकानि 06, श्री श्यामलाल 1416, श्री सुभाष 129, श्री बाबुलाल 855 की टीम गठित की जाकर तकनीकी सहायता व आसुचना से अभियुक्त 01. भाकरराम उर्फ ढलाराम उर्फ सोहन पुत्र श्री सुरताराम जाति भील उम्र 30 साल निवासी उटो की घाटी सुरसागर 02. भरत नायक पुत्र श्री बाबुलाल जाति भील उम्र 20 साल निवासी पुरानी भाकरी सुरसागर पुलिस थाना सुरसागर जोधपुर पश्चिम 03. सोहनराम उर्फ सोनु पुत्र श्री शेराराम जाति भील उम्र 21 साल निवासी कुडी भगतासनी पुलिस थाना कुडी भगतासनी जोधपुर पश्चिम को गिरफतार किया गया । आरोपीगण से बरामदगी के प्रयास जारी है व अन्य चोरी व नकबजनी के बारे मे गहनता से अनुसंधान किया जा रहा है ।

वारदात का तरीका – आरोपीगण द्वारा रात्रि के समय मे सोना चांदी की दुकान का शटर तोडकर चोरी करना

नोटः–मुलजिम भाकरराम उर्फ ढलाराम उर्फ सोहन जो वर्तमान मे पुलिस थाना सुरसागर का हिस्ट्रीशीटर है जिसके विरूद्व विभिन्न थानो मे चोरी व नकबजनी के करीब 10 प्रकरण है ।

(राजीव भादू, नि.पु.)
थानाधिकारी
पुलिस थाना मथानिया